प्रशासनिक कार्यालय जजशिप, इटावा

सूचना

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांक- 20/11/2026 के क्रम में वर्ष-2027 हेतु न्यायमित्र की दो सूची [(A - जघन्य अपराध, जिसमें आजीवन कारावास एवं मृत्यु दण्ड की सजा हो) & (B- जघन्य अपराध से भिन्न अर्थात जिसमें आजीवन कारावास एवं मृत्यु दण्ड की सजा को छोड़कर, शेष अपराधों की पैरवी के लिए)] सृजित की जानी है। अर्ह अधिवक्तागण जो कि विधि व्यवसाय में न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव, दण्ड विधि में रखते हों, से आवेदन-पत्र निम्न प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक आवेदकगण अपने आवेदन-पत्र **दिनांक- 07/12/2026** तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं।

प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जजशिप, इटावा
20/11/2026

आवेदन पत्र का प्रारूप

कार्यालय: जनपद न्यायाधीश, इटावा

1.	आवेदित पद का नाम	:
2.	आवेदक का नाम	:
3.	पिता का नाम	:
4.	जन्मतिथि (हाई स्कूल प्रमाणपत्र के आधार पर स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)	:
5.	आवेदक वकील/अधिवक्ता का स्थायी निवास एवं दूरभाष/मोबाइल नं0	:
6.	आवेदक वकील है अथवा अधिवक्ता	:
7.	(क) उत्तर प्रदेश बार काउन्सिल में पंजीकरण क्रमांक व तिथि (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)	:
7.	(ख) सी०ओ०पी० क्रमांक (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)	:
8.	क्या आवेदक जनपद में किसी बार संघ का सदस्य है? यदि हां तो संघ का नाम।	:
9.	दण्ड विधि में कब से प्रैक्टिस कर रहे हैं।	:
10.	आवेदक सामान्यतः किस स्थान पर योजित रूप से उपस्थित होकर प्रैक्टिस करता हैः (सिविल कोर्ट/कलेक्ट्रेट/तहसील)	:
11.	जिस पद हेतु आवेदन किया है, उस हेतु अनुभव का विवरण अंकित करें।	:
12.	कोई विशेष योग्यता, यदि कोई हो, उल्लेख करें।	:
13.	क्या आवेदक अनुसूचित जाति/जनजाति अथवा किसी अन्य सूची का सदस्य है ?	:
14.	आवेदक विधि वृत्त से प्राप्त सकल आय अंकित करें।	:

15. क्या कभी किसी न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध कभी कोई विपरीत टिप्पणी की गई है अथवा किसी प्रकार दण्डित हुए। :

16. क्या आपके विरूद्ध कोई दण्डवाद या जांच कार्यवाही किसी न्यायालय द्वारा प्रचलित है? :

17. जनपद न्यायाधीश के कार्यालय में पंजीकरण की क्रम संख्या। :

18. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो।

दिनांक:- आवेदक के स्पष्ट एवं पूर्ण हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं, ... अधिवक्ता व्यक्तिगत रूप से सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त अंकित सूचना, मेरे ज्ञान एवं विश्वास में पूर्ण एवं सत्य हैं। कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है तथा मैं यह भी घोषणा करता हूं कि यदि मुझे उक्त पद पर नियुक्त किया गया तो मैं अपना कार्य नियमानुसार सम्पन्न करूंगा।

दिनांक:- आवेदक के स्पष्ट एवं पूर्ण हस्ताक्षर

निबन्धन संख्या.....

प्रतिलिपि:-

1. समस्त बार संघ जनपद इटावा को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सूचना की प्रति प्रशासनिक सूचना पटों पर चस्पा हेतु।
3. सूचना की प्रति सिस्टम ऑफीसर को जनपद न्यायालय, इटावा की वेब-साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जजशिप, इटावा
20/11/2026